हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 4 जुलाई 2026

12 शराब ठेके पर ताबड़तोड़ फायरिंग गंडासे से...



12 सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को मिली दूसरी वैन की सौगात...



## खबर संक्षेप

### सीआईए ने हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पुलिस द्वारा जिलेभर में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने 6.67 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को काबू किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि उपनिरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में सीआईए टोहाना की टीम सलेमपुरी-ढाणी नूरपुर दिवाना रोड स्थित नहर पुल पर गश्त एवं नशा तस्करी रोकथाम अभियान के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान विश्वसनीय सूचना मिली कि ढाणी नूरपुर, गांव दिवाना निवासी प्रिंस पुत्र मोहन सिंह हेरोइन लेकर मोटरसाइकिल पर आने वाला है। सूचना के आधार पर नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे काबू कर नियमानुसार तलाशी ली, जिसके दौरान उसकी पैंट की दाहिनी जेब से 6.67 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### हेरोइन तस्करी में दो सप्लायरों को दबोचा

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हेरोइन तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में मुख्य सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक मुख्य सप्लायर को एंटी नारकोटिक्स सेल ने पंजाब से काबू किया है, जबकि दूसरे को थाना भूना पुलिस ने स्थानीय स्तर पर पकड़ा है। पहले मामले में, एएनसी सैल फतेहाबाद ने 15 मार्च को भूना के कबीर पार्क के पास से प्रदीप उर्फ देव को 271 ग्राम हेरोइन और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटे के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में पहले ही दो आरोपी पकड़े जा चुके हैं। थाना भूना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में गहन अनुसंधान और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुख्य सप्लायर सूरज उर्फ सूर्या निवासी वार्ड नंबर-5, भूना को काबू कर लिया है। दोनों ही मामलों में नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

### 101.63 ग्राम हेरोइन मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 101.63 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान फतेहाबाद की भाटिया कॉलोनी निवासी रोहित, कबीर बस्ती निवासी संदीप उर्फ मीती और सन्नी उर्फ बच्ची के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 1 जुलाई को पुलिस चौकी गुरुनानकपुरा की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रतिया रोड स्थित शिव मंदिर के पास से रोहित को काबू किया था।

### सीआईए ने हेरोइन सहित दो युवक दबोचे

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने दो लोगों को 12 ग्राम 55 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों की पहचान सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिंदा व बूटा सिंह निवासी ऐलनाबाद के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान नजदीकी कच्चा ममेरा रोड़ ऐलनाबाद क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से दो व्यक्ति आते दिखाई दिए जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू कर लिया और तलाशी ली तो उनके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई।

### बीडीपीओ ने रंगड़ीखेड़ा की सरपंच को भेजा नोटिस

**सिरसा।** गांव रंगड़ीखेड़ा निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट सुरेश कुमार की शिकायत पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सिरसा ने गांव रंगड़ीखेड़ा की सरपंच गुरप्रीत कौर को नोटिस जारी किया है। सरपंच को 8 जुलाई को बीडीपीओ कार्यालय में रिकार्ड सहित प्रस्तुत होने के निर्देश दिए गए है।

### सुरक्षा चौकस : जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर 500 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

# एचटेट आज : सीआईए रहेगी तैनात, सोशल मीडिया पर साइबर सैल की रहेगी नजर



फतेहाबाद। परीक्षा केंद्रों का दौरा कर एचटेट परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेते हुए डीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

आज से शुरू होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन माहौल में संपन्न कराने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के नेतृत्व में जिले में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए है। परीक्षा के दौरान डमी कैंडिडेट, सॉल्वर गैंग और नकल माफियाओं पर नकेल कसने के लिए साइबर सेल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इस बार सुरक्षा को इस कदर सख्त किया गया है कि फतेहाबाद शहर के 10 स्थानों पर बनाए गए 15 परीक्षा केंद्रों पर करीब 500 पुलिस जवान मुस्तैद रहेंगे। एसपी निकिता खट्टर ने बताया कि परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी गई है। सुरक्षा के इस महाप्लान में 2 डीएसपी, 5 इंस्पेक्टर, 55 सब-ईंस्पेक्टर और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर, 240 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल और 100 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मैदान में उतारा गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र की सुरक्षा की कमान 15 पुलिसकर्मियों के हाथों में होगी।

**सॉल्वर गैंग और डमी अभ्यर्थियों पर रहेगी पैनी नजर**

एसपी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि ड्यूटी में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीसीआर, ईआरबी और राइडर टीमें लगातार शहर में गश्त करेंगी।

**कानून तोड़ने वालों को होगी जेल : एसपी**

एचटेट प्रदेश की बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसकी शुचिता और गरिमा से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। सॉल्वर गैंग या नकल की कोशिश करने वालों के खिलाफ सीधे सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभ्यर्थी समय से पहले केंद्र पर पहुंचें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। -निकिता खट्टर, एसपी फतेहाबाद

**परीक्षा का शेड्यूल**

**4 जुलाई** : जिले के 9 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक परीक्षा होगी।

**5 जुलाई** : परीक्षा दो शिफ्टों में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## परीक्षार्थियों के लिए जिला रोडवेज चलाएगा स्पेशल एवं लोकल बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक जिला न्यायवादी यानि एडीए भर्ती परीक्षा तथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आयोजित हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन विभाग ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए व्यापक परिवहन प्रबंध किए हैं। अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने और उन्हें आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए विशेष एवं लोकल बसों का संचालन किया जाएगा। हरियाणा राज्य परिवहन के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला द्वारा 5 जुलाई रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सहायक जिला न्यायवादी के पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रदेश के करनाल, पंचकूला व कुरुक्षेत्र जिलों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी। फतेहाबाद एवं उपकेंद्र टोहाना से परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए नए बस स्टैंड, फतेहाबाद से प्रातः 3 बजे, 4 बजे तथा 4.30 बजे विशेष बसों का संचालन किया जाएगा।

**कोचिंग सेंटर और फोटोस्टेट दुकानें रहेंगी बंद**

प्रशासन ने परीक्षा के दौरान गड़बड़ी रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी तरह के हथियार ले जाने पर पाबंदी रहेगी। वहीं, केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 163 बीएनएस लागू रहेगी। जिले के सभी कोचिंग सेंटरों को परीक्षा के दिनों में बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। 200 मीटर के भीतर वाहनों की पार्किंग और लाउडस्पीकर बजाने पर पूरी तरह रोक होगी।

**घनी तलाशी के बाद ही एंट्री, आभूषणों पर भी रोक**

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पहले मेटल डिटेक्टर और गहन शारीरिक तलाशी से गुजरना होगा। मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, ईयरफोन, बेल्ट, आभूषण और रबर जैसी वस्तुएं परीक्षा केंद्र के बाहर ही रखनी होंगी।

**होटलों और धर्मशालाओं पर पुलिस का छापा**

सॉल्वर गैंग के मंसूबों को नाकाम करने के लिए पुलिस ने जिले के होटलों, गेस्ट हाउसों और धर्मशालाओं में चेकिंग अभियान शुरू किया है। संचालकों को हिदायत दी गई है कि बिना पुख्ता आईडी के किसी को भी कमरा न दें। परीक्षार्थियों को जाम से बचाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष रूट प्लान तैयार किया है।

**डीसी ने ट्रेजरी और परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण**

डीसी डा. विवेक भारती ने सबसे पहले लघु सचिवालय स्थित ट्रेजरी कार्यालय का निरीक्षण कर प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा, सीसीटीवी, जैमर, बायोमीट्रिक सत्यापन, फ्रिस्किंग, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

## 24 केंद्रों पर 14,238 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, जिला प्रशासन अलर्ट

- रविवार को सुबह लेवल-2 की परीक्षा में 24 केंद्रों पर 7463 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। जिले में परीक्षा के लिए 24 केंद्र स्थापित किए गए हैं। 14 हजार 238 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। केंद्रों पर 550 पुलिस कर्मियों की ड्यूटियां लगाई गई है। शहर में भी जगह-जगह पुलिस के नाके स्थापित किए जा रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने शुक्रवार को बताया कि प्रथम दिन शनिवार को लेवल-3 की परीक्षा के लिए 13 परीक्षा केंद्रों पर 3910 परीक्षार्थी देंगे। रविवार को सुबह के सत्र में लेवल-2 की परीक्षा 24 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसमें 7463 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे तथा इसी दिन दोपहर बाद लेवल-1 की परीक्षा 9 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी जिसमें 2865 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस प्रकार जिले में कुल 14,238 परीक्षार्थी एचटेट परीक्षा में शामिल होंगे। जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। विवाहित महिला अभ्यर्थियों को पूरी जांच के बाद मंगलसूत्र, बिंदी के साथ प्रवेश की अनुमति रहेगी। वहीं सिख धर्म के अनुयायियों को धार्मिक परंपरा के अनुसार निर्धारित कृपाण रखने की छूट रहेगी। दिव्यांग परीक्षार्थियों को बोर्ड के नियमानुसार 50 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा को लेकर पुलिस के भी कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। सभी 24 परीक्षा केंद्रों पर 550 पुलिस कर्मियों की ड्यूटियां लगाई गई है। शहर में भी जगह-जगह पुलिस के नाके स्थापित किए जा रहे हैं। वहां संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा पुलिस कोचिंग संस्थानों व दूसरे स्थानों पर भी नजर रखेगी।

**जांच अभियान शुरू**

पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा केंद्रों के आसपास गहन जांच अभियान चलाएं और केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दें। यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है।

**जिले में पांच केंद्रों पर 8680 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा**

डीसी ने बताया कि जिले में एचटेट परीक्षा के लिए कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 8680 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इनमें लेवल-3 (पीजीटी) के लिए 9 केंद्रों पर 2754, लेवल-2 (टीजीटी) के लिए 15 केंद्रों पर 4535 तथा लेवल-1 (पीआरटी) के लिए 5 केंद्रों पर 1391 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। एचटेट परीक्षा को लेकर जिला में चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा ब्लॉक 1 व 2, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल खैराती खेड़ा रोड ब्लॉक 1 व 2, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल नजदीक बाल भवन ब्लॉक 1 व 2, एमएम पीजी कॉलेज रतिया रोड ब्लॉक 1 व 2, एसबीपी डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल बीघड़ रोड ब्लॉक 1 व 2, अपेक्स पब्लिक स्कूल सतीश कॉलोनी, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन, एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा रोड, एमएसडी सप्रिबेल्स पब्लिक स्कूल बीघड़ रोड तथा महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल सिरसा रोड को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## भट्टू रोड स्थित नर्सरी की भूमि पर कथित अवैध प्लॉटिंग का मामला गरमाया

- मिट्टी की चारदीवारी बनाकर प्लॉट काटने का आरोप, सख्त कार्रवाई की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के भट्टू रोड स्थित लाइफ केयर अस्पताल के साथ बाल भारती स्कूल वाली गली में स्थित भूमि पर कथित रूप से अवैध प्लॉटिंग किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम सोनी ने जिला उपायुक्त को शिकायत सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि उक्त भूमि, जो नर्सरी के रूप में जानी जाती है, पर छोटे-छोटे प्लॉट काटे जाने की सूचना है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि प्लॉटों का सीमांकन करने के लिए भूमि के चारों ओर मिट्टी की चारदीवारी बना दी है। शिकायतकर्ता ने आशंका व्यक्त की है कि यदि यह कार्य बिना सक्षम विभागों की स्वीकृति एवं आवश्यक लाइसेंस के किया जा रहा है, तो यह नगर एवं ग्राम नियोजन तथा राजस्व संबंधी नियमों का उल्लंघन हो सकता है। सोनी ने प्रशासन से मांग की है कि इस भूमि का राजस्व रिकॉर्ड, स्वामित्व, भूमि की वास्तविक प्रकृति, सीएलयू, जिला नगर योजनाकार से प्राप्त लाइसेंस तथा अन्य सभी वैधानिक स्वीकृतियों की विस्तृत जांच कराई जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि कॉलोनी विकसित करने की अनुमति ली गई है या नहीं। यदि बिना अनुमति प्लॉटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही है तो इससे सरकार को राजस्व हानि होने की संभावना है।

**जांच होने तक भूमि पर सभी प्रकार के कार्य रोका जाएं**

शिकायतकर्ता ने मांग की है कि जांच पूरी होने तक संबंधित भूमि पर किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग, निर्माण कार्य एवं प्लॉटों की खरीद-फरोख्त पर तत्काल रोक लगाई जाए। इसके अतिरिक्त, यदि जांच में यह पाया जाता है कि भूमि पर बनाई गई मिट्टी की चारदीवारी बिना अनुमति या नियमों के विपरीत बनाई गई है, तो उसे तत्काल तुड़वाकर भूमि को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जाए। राधेश्याम सोनी ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि जिला नगर योजनाकार, राजस्व विभाग टीम गठित कर पूरे मामले की मौके पर जांच कराई जाए। यदि जांच में किसी भी प्रकार की अवैध प्लॉटिंग, नियमों का उल्लंघन अथवा अन्य अनियमितता सामने आती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध हरियाणा के प्रचलित कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों और प्लॉटिंग पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### पुलिस ने 53 गुमशुदा फोन मालिकों को लौटाए

**सिरसा।** साइबर सेल सिरसा ने मई और जून माह के दौरान गुमशुदा व चोरी हुए 53 मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपए आकी गई है। डीएसपी सुखबीर सिंह ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य जनता की सुरक्षा के साथ नागरिकों का विश्वास मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण के नेतृत्व में साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार और उनकी टीम ने तकनीकी दक्षता व लगातार प्रयासों से मोबाइल ट्रेस कर सही मालिकों तक पहुंचाए। डीएसपी ने लोगों से मोबाइल का सावधानीपूर्वक उपयोग करने और किसी अन्य व्यक्ति को अपना फोन न सौंपने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोबाइल चोरी होने पर घबराने की बजाय तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराएं और उसके बाद भारत सरकार के पोर्टल पर शिकायत करें।

## एक हाथ गंवाने के बाद दो बिजली कर्मियों पर एफआईआर दर्ज

**बिना लाइन काटे एएलएम को ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ाया**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद बिजली निगम में लापरवाही का मामला सामने आया है, जिसने एक कर्मचारी की जिंदगी को हमेशा के लिए अपाहिज बना दिया। करीब दो महीने पहले गांव आकांवाली में करंट लगने से एक एएलएम का दाहिना हाथ कुहनी तक कट गया था। इस मामले में पुलिस ने विभाग के ही दो कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई बिजली निगम के एक्सईएन की जांच रिपोर्ट के बाद की है, जिसमें दोनों कर्मचारियों को इस भयावह हादसे का सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया गया है। पुलिस ने 33 केवी दरियापुर सब स्टेशन के तहत कार्यरत एएलएम हरपाल सिंह और एसए अनिल कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन दोनों की घोर लापरवाही के कारण ही एक हंसता-खेलता कर्मचारी मौत के मुंह से वापस लौटा, लेकिन उसे अपना हाथ गंवाना पड़ा। यह वारदात 11 मई की है। गांव खैरातीखेड़ा निवासी पंकज कुमार ने पुलिस को बताया कि वह बिजली निगम में एचकेआरएन के तहत एएलएम के पद पर तैनात है। 11 मई को गांव आकांवाली में बिजली के ट्रांसफॉर्मर का जंफर टूट गया था। इसकी शिकायत एएलएम हरपाल सिंह को मिली, जिसने पंकज को साथ लिया और मौके पर पहुंचे। जंफर ठीक करने के लिए हरपाल सिंह ने दरियापुर कंट्रोल रूम में फोन कर कुकड़ांवाली डीएस लाइन को बंद करने को कहा। उस समय कंट्रोल रूम में एसए अनिल कुमार ड्यूटी पर तैनात था। एसए ने हरपाल को आश्वस्त किया कि लाइट काट दी गई है। इसके बाद हरपाल ने पंकज को ट्रांसफॉर्मर पर चढने के लिए बोल दिया।

**जंफर को छुआ पंकज का कंधा**

पंकज पूरी सुरक्षा के साथ सिर पर हेलमेट, हाथों में दस्ताने और प्लास लेकर जैसे ही ट्रांसफॉर्मर पर थोड़ा ऊपर चढ़ा, उसका कंधा जंफर से छू गया। लाइन में हाई-वोल्टेज करंट दौड़ रहा था। जोरदार धमाके के साथ पंकज का दाहिना हाथ, बांया हाथ, सिर और बांया कान बुरी तरह झुलस गए। उसे तुरंत हिसार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों को उसकी जान बचाने के लिए उसका दाहिना हाथ कुहनी तक काटना पड़ा। पुलिस ने दरियापुर कंट्रोल रूम का लॉग बुक रिकॉर्ड जब्त किया और फतेहाबाद डिवीजन के एक्सईएन अशोक कुमार से इस तकनीकी हादसे की विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

### चार किलो चूरापोस्त पकड़ा दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने डिग मंडी क्षेत्र से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार किलो 120 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। तस्करों की पहचान विनय व ओमप्रकाश के रूप में हुई है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम चेकिंग के दौरान डिंग मंडी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से बाइक सवार एक व्यक्ति आता दिखाई दिया, जो कि पुलिस को देखकर अचानक बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास करने लगा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विनय कुमार के रुप में हुई है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि वह चूरापोस्त औमप्रकाश से लेकर आया है। पुलिस ने सप्लायर आरोपी औमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया।

**कार्रवाई** पुलिस निरीक्षण के दौरान कैफे में मिली चार छात्राएं और चार विवाहित महिलाएं

# फतेहाबाद पुलिस ने 'रोज कैफे' पर की छापेमारी, 8 महिलाएं व छात्राएं मिलीं, 3 युवक भी मिले, टीम ने 3 घंटे किया निरीक्षण

- चार मरला कॉलोनी व आस-पास का इलाका आपराधिक तत्वों की धरपकड़ को चर्चा में रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस ने शहर की 4 मरला कॉलोनी स्थित 'रोज कैफे' पर औचक छापेमारी की। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई का नेतृत्व डीएसपी संजय कुमार और महिला थाना प्रभारी मंजू सिंह ने किया। पुलिस बल ने कैफे के भीतर करीब तीन घंटे तक सघन जांच अभियान चलाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चार मरला कालोनी में पीएनबी बैंक के पास पुरानी डेनिश कन्फैक्शनरी के स्थान पर इन दिनों रोज कैफे चल रहा है। पुलिस को इस कैफे में नियमों के उल्लंघन और संदिग्ध गतिविधियों के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी इनपुट पर पुलिस बल ने योजनाबद्ध तरीके से कैफे को चारों तरफ से घेरकर औचक रेड की। गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई के बाद से कैफे संचालकों और आस-पास के दुकानदारों में हडक़ंप मच गया है। कार्रवाई के दौरान कैफे के भीतर मौजूद दस्तावेजों, एंट्री रजिस्टरों और अन्य संदिग्ध सामान की बारीकी से पड़ताल की गई। पुलिस निरीक्षण के दौरान कैफे परिसर से चार छात्राएं और चार विवाहित महिलाएं पाई गई।




फतेहाबाद। कैफे में पकड़े गए लोगों को ले जाते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाएगा बर्दाश्त**

गौरतलब है कि चार मरला कॉलोनी और उसके आस-पास का यह इलाका पहले भी आपराधिक तत्वों की धरपकड़ को लेकर चर्चा में रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में अनैतिक गतिविधियों और नियमों को ताक पर रखकर चलने वाले कैफे व होटलों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में जांच पूरी होने के बाद कानूनी प्रावधानों के तहत आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**हिरासत में लिए**

तीन घंटे की लंबी पूछताछ और छानबीन के बाद पुलिस टीम ने सभी को हिरासत में ले लिया और अलग-अलग वाहनों से महिला थाने ले आई। पुलिस ने हिरासत में लिए गए सभी व्यक्तियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इनकी कॉल डिटेल्स खंगाली जाएगी ताकि मामले की तह तक जाया जा सके। महिला थाने लाने के बाद, पुलिस ने पकड़े गए लोगों के मोबाइल से ही उनके परिजनों को सूचना दी और उन्हें तुरंत थाने पहुंचने के निर्देश दिए।



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

लाइफ Style

# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार



दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।

हॉलीवुड मसाला



# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।



# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे



हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।

# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवार्ड्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सर्ट्स के लिए समर्पित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### बिजली-पानी का संकट, कांग्रेस उतरेगी सड़कों पर: राजकुमार

**सिरसा।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि शहर में इन दिनों बिजली की लगातार आंख मिचौली और लो वोल्टेज की समस्या से आमजन बुरी तरह परेशान हैं। गर्मी के इस मौसम में जहां लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की आवश्यकता है, वहीं बिजली कटौती और वोल्टेज की अनियमितता ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। शर्मा ने जारी बयान में कहा कि कई बार दिन में बार-बार बिजली गुल हो जाती है, जिससे घरेलू कामकाज और व्यवसाय दोनों पर असर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि जब पानी सप्लाई का समय होता है, उस समय बिजली कट हो जाती है।

### अजा वर्ग के अभ्यर्थियों को मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

**सिरसा।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को विभिन्न व्यवसायिक ट्रेडों में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण आवासीय आधार पर आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 9 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण की अवधि अधिकतम 38 से 75 दिनों तक होगी व इसे कौशल विकास मिशन की आवश्यकता के अनुसार संचालित किया जाएगा।

### विधायक शीशपाल ने किया ग्रामीण सड़कों का उद्घाटन

**सिरसा।** कालांवाली से कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत गांव रसूलपुर में फिरनी से जोहड़ तक, वीरभान के घर से बागचंद के घर तक आईपीबी गली का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया। शुक्रवार को विधायक शीशपाल केहरवाला व सरपंच कैलाश रानी की उपस्थिति में इन कार्यों का निर्माण कार्य संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर लोगों से बातचीत करते हुए विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि कालांवाली हलके का संपूर्ण विकास उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि कालांवाली हलके की जनता ने लगातार दो बार भरोसा करके उन्हें विधानसभा में भेजा।

## ग्राम पंचायतों को भी अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे

# 288 गांवों में सींचेवाल मॉडल से दूषित पानी के तालाबों का होगा कायाकल्प

- गंदे पानी के समुचित प्रबंधन के लिए सींचेवाल मॉडल के तहत तालाब होगा विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


फाइल फोटो

जिले के 288 गांवों में दूषित पानी के तालाबों का जल्द कायाकल्प होगा, ग्रामीणों को न केवल दूषित पानी की निकासी का स्थायी समाधान मिलेगा, बल्कि स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण भी मिलेगा। यही नहीं ग्राम पंचायतों को भी अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत इस कार्य को सींचेवाल मॉडल के अनुरूप सिरे चढ़ाया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर गांव नेजाडेला में 22 लाख रुपए की लागत से ग्रे वाटर मैनेजमेंट का सफल मॉडल ग्रामीण स्वच्छता की दिशा में एक मिसाल बनकर उभरा है। गांव में घरों से निकलने वाले गंदे पानी के समुचित प्रबंधन के लिए सींचेवाल मॉडल के तहत तालाब विकसित किया गया है।

पूरे गांव का गंदा पानी इस तालाब में पहुंचता है, जिससे गांव की गलियों में जलभराव और गंदे पानी की समस्या पूरी तरह समाप्त हो गई है। इस मॉडल से न केवल गांव का वातावरण स्वच्छ हुआ है, बल्कि पंचायत के लिए आय का एक नया स्रोत भी विकसित हुआ है।डीपीएम सुखविंद्र सिंह ने बताया कि इस परियोजना पर लगभग 22 लाख रुपए की लागत आई है। उपचारित पानी वाले इस तालाब का उपयोग केवल गंदे पानी के प्रबंधन तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि इसे रोजगार से भी जोड़ा गया है। तालाब में मछलियां छोड़ी गई हैं, जिनके पालन और ठेके से ग्राम पंचायत को प्रतिवर्ष लगभग 70 हजार रुपए की आय प्राप्त हो रही है।

इस प्रकार यह परियोजना स्वच्छता के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करने का कार्य कर रही है। वहीं इस सिलसिले में अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने कहा कि नेजाडेला में स्थापित सींचेवाल मॉडल गंदे पानी की निकासी और उसके प्रभावी प्रबंधन के लिए अत्यंत कारगर सिद्ध हो रहा है। जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ वातावरण और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में जिले के 288 गांवों में भी गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था विकसित की जा रही है, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# सरकारी नीतियों से हरियाणा फिर बना नंबर वन प्रदेश: डॉ. केहरवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

**खास बातें**
- वित्तवर्ष 2018-19 से 2024-25 के बीच हरियाणा का जीएसटी राजस्व हुआ दोगुने से भी अधिक
- जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में 14.66% अधिक

वस्तु एवं सेवा कर संग्रह के क्षेत्र में एक बार फिर देश के अग्रणी राज्यों में हरियाणा के शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला प्रवक्ता डॉ. गंगासागर केहरवाला ने कहा कि ये सब सरकार की विकासपरक नीतियों से ही संभव हो पाया है।

शुक्रवार को जारी बयान में केहरवाला ने कहा कि वित्तवर्ष 2018-19 से 2024-25 के बीच हरियाणा का जीएसटी राजस्व दोगुने से भी अधिक हो गया है, जो राज्य की मजबूत आर्थिक गतिविधियों, प्रभावी कर प्रशासन और पारदर्शी कर व्यवस्था का प्रमाण माना जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जून 2026 में हरियाणा ने जीएसटी संग्रह में पिछले वर्ष जून 2025 की तुलना में 14.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इस प्रदर्शन के साथ हरियाणा, गुजरात और आंध्रप्रदेश के बाद देश के प्रमुख राज्यों में तीसरे स्थान पर रहा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य सरकार की प्रभावी नीतियों, डिजिटल कर प्रणाली और करदाताओं के बेहतर सहयोग का भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का केवल 1.34 प्रतिशत और देश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.2 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद हरियाणा राष्ट्रीय जीएसटी संग्रह में करीब 7.4 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। यह दशार्ता है कि हरियाणा देश के सबसे सक्रिय औद्योगिक, व्यवसायिक और आर्थिक राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य सरकार ने कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाया है। ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार, ई-गवर्नेंस, ई-इनवॉइस प्रणाली, ई-वे बिल की प्रभावी निगरानी और कर चोरी पर सख्ती जैसे कदमों से राजस्व संग्रह में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। साथ ही व्यापारियों और उद्योगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने से स्वैच्छिक कर अनुपालन भी बढ़ा है।

**किसानों ने सिंचाई विभाग पर नहरों की निगरानी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया**

# टेल तक पानी की आपूर्ति न होने से किसानों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा


चोपटा। नहराना माइनर पर अवैध पानी चोरी का मामला दिखाते मौके पर मौजूद किसान।

क्षेत्र के किसानों ने सिंचाई विभाग पर नहरों की निगरानी में लापरवाही बरतने तथा पानी चोरी रोकने में उदासीनता का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि कुतियाना, गिगोरानी और नहराना माइनर पर पर्याप्त निगरानी नहीं होने के कारण टेल तक पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर अवैध पाइप और मोगे बनाकर पानी की चोरी की जा रही है, लेकिन विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा। किसान सतवीर गोदारा ने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता विशाल कुमार नियमित रूप से माइनरों का निरीक्षण नहीं करते, जिससे पानी चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। किसानों ने जेई के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई की मांग भी की। किसानों के अनुसार मोगा नंबर 5217 पर अवैध रूप से सुराख बनाकर पानी चोरी की जा रही थी। इसकी सूचना विभाग को दी गई, लेकिन किसानों का आरोप है कि सूचना मिलने के बावजूद कनिष्ठ अभियंता और एसडीओ मौके पर नहीं पहुंचे और तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसानों ने बताया कि इससे पहले गिगोरानी माइनर पर भी लंबे समय से अवैध मोगे के जरिए पानी चोरी की शिकायत विभाग को दी गई थी। विभाग ने अवैध पाइप तो हटवा दिया, लेकिन संबंधित लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। शाहपुरिया गांव के किसान सुबे सिंह, निहाल सिंह, सतवीर, बंसीलाल, रोहतास, करण सिंह, ओमप्रकाश, बलवंत, सोनू सहित अन्य किसान मौके पर पहुंचे और अवैध पानी चोरी पर रोक लगाने की मांग की। वहीं एसडीओ हरदीप सिंह ने कहा कि नहराना माइनर पर बनाए गए अवैध मोगे को फिलहाल अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। माइनर बंद होने के बाद इसे स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। जिन किसानों ने अवैध मोगा बनाया है, उनके खिलाफ जुर्माना लगाने सहित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शहर बेहाल, मुख्यमंत्री करें हस्तक्षेप : सैलजा

## प्रमुख बाजारों और सड़कों की बार-बार खुदाई से व्यापार हो रहा प्रभावित

- भूमिगत परियोजनाओं के नाम में खोदा जा रहा शहर, धूल, जाम और दुर्घटनाओं का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लोकसभा सासंद कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा शहर में अमृत योजना तथा अन्य भूमिगत परियोजनाओं के नाम पर जिस प्रकार बिना समन्वय के सडक़ें खोदी जा रही हैं, उससे पूरा शहर भारी अव्यवस्था, धूल, जाम और दुर्घटनाओं के खतरे से जूझ रहा है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने सितंबर 2025 में भी इस गंभीर विषय को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आधुनिक ट्रेंचलेस तकनीक अपनाने का आग्रह किया था, लेकिन सरकार ने समय रहते इस सुझाव पर ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण आज शहरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीएम नायब सैनी को पत्र में कुमारी सैलजा ने कहा कि वर्तमान में अमृत योजना के अंतर्गत स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज, सीवर लाइन, गैस पाइपलाइन और पेयजल पाइपलाइन सहित अनेक कार्य एक साथ चल रहे हैं।

प्रमुख बाजारों और सडक़ों की बार-बार खुदाई से व्यापार प्रभावित हो रहा है, आमजन का आवागमन कठिन हो गया है तथा शहर की सुंदरता भी प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने उनके सुझाव को गंभीरता से लिया होता तो आज करोड़ों रुपये की सार्वजनिक संपत्ति को बार-बार नुकसान नहीं पहुंचता और नागरिकों को इस प्रकार की परेशानियां नहीं झेलनी पड़तीं। सांसद ने पत्र में लिखा है कि देश और विदेश के अनेक शहरों में होरिजॉन्टल डायरेक्शनल ड्रिलिंग, माइक्रो टनलिंग तथा ऑगर बोरिंग जैसी आधुनिक ट्रेंचलेस तकनीकों का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है, जिनसे बिना सडक़ें तोड़े भूमिगत पाइपलाइन बिछाई जाती हैं। दिल्ली मेट्रो सहित अनेक बड़ी परियोजनाओं में भी इन तकनीकों का उपयोग हुआ है।

हरियाणा सरकार को भी ऐसी वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों को अनिवार्य रूप से अपनाना चाहिए, ताकि जनता को राहत मिले और सरकारी धन की भी बचत हो सके। कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल के दिनों में रोड़ी बाजार सहित कई क्षेत्रों में निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में भारी रोष है। बरसात के मौसम में खुले गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं तथा बाजारों में कारोबार प्रभावित हो रहा है।

### सांसद कुमारी सैलजा 5 को करेंगी नागपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन



**फतेहाबाद।** जिला में नागपुर ब्लॉक के कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ 5 जुलाई रविवार को किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा मुख्य अतिथि के रूप में नवस्थापित कार्यालय का विधिवत उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरविंद शर्मा करेंगे। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुरजिंदर सिंह जोहल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन गांव हड़ोली में पेट्रोल पंप के पास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नागपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए संगठनात्मक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। यहां नियमित रूप से पार्टी की बैठकें, जनसमस्याओं पर चर्चा तथा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

# एएसडी मतदाताओं की बूथवार सूची राजनीतिक दलों के बीएलए को भी दी जाएगी: हनुमान दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- जिले में 97.96 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचाए जा चुके हैं एन्यूमरेशन फॉर्म
- यह सूची ईपीआईसी सर्चेबल मोड में भी देखी जा सकेगी।

विशेष गहन पुर्नरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा डुप्लीकेट (एएसडी) श्रेणी के मतदाताओं की बूथवार सूची राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के साथ सांझा की जाएगी। इसके लिए सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी चुनाव तहसीलदार हनुमान दास ने दी। उन्होंने बताया कि बीएलओ अपने-अपने बूथ क्षेत्र के बीएलए के साथ बैठक कर एएसडी मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराएंगे। निर्वाचन विभाग द्वारा नियुक्त कुल 996 बीएलओ के साथ राजनीतिक दलों द्वारा एसआईआर को लेकर कुल 2547 बीएलए हैं। इसका उद्देश्य सूची में शामिल प्रत्येक मतदाता की वास्तविक स्थिति का सत्यापन करना है, ताकि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले किसी भी प्रकार की त्रुटि का समय रहते सुधार किया जा सके और कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

तहसीलदार हनुमान दास ने बताया कि एएसडी श्रेणी में ऐसे मतदाताओं को शामिल किया गया है, जिन्हें अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा डुप्लीकेट के रूप में चिन्हित किया गया है तथा जिनसे बीएलओ द्वारा तीन या उससे अधिक बार संपर्क करने के बावजूद पुष्टि नहीं हो सकी। अब इन मतदाताओं के सत्यापन में राजनीतिक दलों के बीएलए का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद एएसडी सूची बूथवार, विधानसभा वार तथा जिलावार संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह सूची ईपीआईसी सर्चेबल मोड में भी देखी जा सकेगी।

# सिरसा की वंशिका का एशियन बाक्सिंग चैंपियनशिप में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा




जिले की छात्रा वंशिका का अंडर-19 वर्ग में एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026- जकार्ता (इंडोनेशियन) में वंशिकां देश का प्रतिनिधित्व करेगी। वंशिका का चयन न केवल सिरसा जिले के लिए बल्कि हरियाणा के लिए गौरव की बात है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरोखां के प्रधानाचार्य वेद रोज ने शुक्रवार को बताया कि प्रतिभाशाली छात्रा वंशिका ने अपनी अथक मेहनत, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के बल पर अंडर-19 वर्ग में एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 जकार्ता (इंडोनेशिया) के लिए चयनित होकर देश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया है। यह उपलब्धि वंशिका के वर्षों के निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम एवं खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। वंशिका ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरोखाँ बॉक्सिंग अकादमी का प्रतिनिधित्व करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। प्रधानाचार्य वेद रोज ने बताया कि वंशिका ने डीपीई डॉ. देव कंबोज तथा बॉक्सिंग कोच मोहित के मार्गदर्शन में यह मुकाम हासिल किया है।

# डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स समाज की दो मजबूत आधारशिलाएं : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

रोटरी क्लब सिरसा सीनियर की नवीन कार्यकारिणी ने रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए अपना कार्यभार संभालने के बाद अपना पहला कार्यक्रम एक निजी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 10 चिकित्सकों एवं 9 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि पूर्व गवर्नर रोटेरियन भूपेश मेहता थे।

भूपेश मेहता ने कहा कि डॉक्टर मानव जीवन की रक्षा कर समाज को स्वस्थ बनाते हैं, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों ही पेशे समाज और राष्ट्र निर्माण के सशक्त स्तंभ हैं। मनीष मेहता ने कहा कि रोटरी विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है।

### ये डॉक्टर व सीए हुए सम्मानित

समारोह में सम्मानित चिकित्सकों में डॉ. सुभाष नरूला, डॉ. मोहर सिंह, डॉ. अंजनी अग्रवाल, डॉ. ललित मोहन गोयल, डॉ. ललित भाटिया, डॉ. महीप बंसल, डॉ. आदित्य गोयल, डॉ. विनय सिंगला, डॉ. ओपेंद्र सिंह एवं डॉ. वंदना गोयल शामिल रहे। इसी प्रकार सम्मानित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स में सीए योगेश अग्रवाल, सीए अश्वनी अरोड़ा, सीए गगन मित्तल, सीए दिव्या अग्रवाल, सीए मितेश अग्रवाल, सीए पलक मेहता, सीए मोहित भारती, सीए स्पर्श बंसल एवं सीए अतुल जैन शामिल रहे। मंच संचालन क्लब सचिव रोटेरियन देवेंद्र मिगलानी ने किया।


सिरसा। स्वामी ललित किशोर गौवंश की सेवा करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# गोसेवा करने वाला अनंत पुण्य का भागी: ललित किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

केलनियां नंदीशाला में शुक्रवार को कथाव्यास स्वामी ललित किशोर महाराज पहुंचे। स्वामी ललित किशोर ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार जहां गोमाता रहती है, वहां सभी देवी-देवताओं का वास होता है। गोवंश की जो भी सेवा करता है, उसका पुण्य अनंत मिलता है। गोशाला सनातन धर्म का स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि लोग स्वयं भी और अपने बच्चों को भी गौसेवा के लिए गोशाला व नंदीशालाओं में लेकर आएं, ताकि उन्हें सनातन संस्कृति के बारे में ज्ञान मिल सके। उन्होंने कहा कि हम धार्मिक स्थलों पर जहां भी घूमने जाएं, लेकिन किसी भी रूप में परमात्मा से जुड़ें रहे। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें, उन्हें सनातन संस्कृति के बारे में बताएं। गोशालाओं, नंदीशाला व कथाओं में लेकर जाएं। नंदीशाला कमेटी की ओर से ललित महाराज को भगवान कृष्ण का स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर मनोज बंसल, राजेश मित्तल, नवदीप गर्ग, श्याम गिरधर, सतीश शर्मा, विजय बंसल, सुरेश गुप्ता, वेद भूषण गर्ग, राजेंद्र सचदेवा, हितेंद्र, सतीश बंसल, संजय गोयल, अश्विनी बंसल, अशोक गोयल, अतुल, विपुल मदान, शेखर, किस्मती, मनदीप आदि रहे।

# माहेश्वरी चैरिटी ट्रस्ट के अजय राठी बने प्रधान

**सिरसा।** माहेश्वरी चैरिटी ट्रस्ट के चुनाव रानियां रोड स्थित माहेश्वरी भवन में संपन्न हुए। प्रधान पद के लिए हुए मुकाबले में अजय राठी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नकुल मोहंता को 37 मतों के अंतर से पराजित किया। अजय राठी को कुल 155 मत प्राप्त हुए, जबकि नकुल मोहंता को 118 मत मिले। सचिव पद के चुनाव में भी बियानी-राठी समर्थित संजय बागड़ी ने प्रभावशाली जीत दर्ज की। उन्हें 169 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी नवल मुंदड़ा को 101 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार संजय बागड़ी ने 68 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल की। उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए हुए चुनाव में पदम बियानी एवं त्रिलोक राठी विजयी रहे। पदम बियानी को सर्वाधिक 176 मत प्राप्त हुए, जबकि त्रिलोक राठी को 108 मत मिले। दूसरी ओर, प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार राजकुमार मुंदड़ा को 107 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार सहसचिव के दोनों पदों पर भी बियानी-राठी समर्थित राजीव चांडक तथा प्रवीण चांडक ने जीत का परचम लहराया। राजीव चांडक को 164 मत तथा प्रवीण चांडक को 163 मत प्राप्त हुए। विपक्षी उम्मीदवार राजीव मालपानी को 89 मत मिले। उपाध्यक्ष एवं सहसचिव के दूसरे पद के लिए विपक्ष की ओर से कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा गया। कोषाध्यक्ष पद पर मुकेश मंत्री पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके थे। चुनाव प्रक्रिया बहादुरगढ़ से आए पर्यवेक्षक सतीश माहेश्वरी की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी के रूप में महेश राठी, डॉ. जी.एस. सोमानी तथा पुरुषोत्तम मंत्री ने अपनी जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।


सिरसा। माहेश्वरी चैरिटी ट्रस्ट के नव निर्वाचित पदाधिकारी।


सिरसा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ मनोवैज्ञानिक डॉ. रविंद्र पुरी व अन्य।

# डॉ. रविंद्र पुरी ने विद्यार्थियों को दिए समाजसेवा के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्वयंसेवी संस्था दिशा परिसर में मनोविज्ञान विषय के इंटर्नशिप कर रहे बी.ए. एवं एम.एससी. के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक मोटिवेशनल सेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मनोविज्ञान के व्यावहारिक पक्ष, करियर की संभावनाओं तथा समाज सेवा के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मनोवैज्ञानिक डॉ. रविंद्र पुरी ने कहा कि मनोविज्ञान समाज सेवा का सबसे प्रभावी माध्यम है। आज जिस तेजी से समाज में अकेलापन, तनाव, अवसाद और मानसिक बीमारियां बढ़ रही हैं, ऐसे समय में मनोविज्ञान के क्षेत्र से जुड़े लोगों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की समस्या को धैर्यपूर्वक और सच्चे मन से सुनना तथा उसे सही दिशा देना भी मानव सेवा का श्रेष्ठ कार्य है। डॉ. पुरी ने विद्यार्थियों से कहा कि जो युवा मनोविज्ञान के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उन्हें दुनिया भर में हो रहे नवीन शोध, सिद्धांतों और नई-नई थ्योरीज़ से लगातार स्वयं को अपडेट रखना चाहिए। उन्होंने प्रेरणादायक प्रसंगों और मोटिवेशनल कहानियों से विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के सूत्र समझाए तथा स्मार्ट गोल की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य स्पष्ट, मापनीय, प्राप्त करने योग्य, प्रासंगिक और समयबद्ध होने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुरूप ही करियर चुनने की सलाह दी।

## खबर संक्षेप

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु नामांकन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया एक अप्रैल से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्रारंभ हो चुकी है। पीएमआरबीपी उन बच्चों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने वीरता, खेल, समाज सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा जो राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के पात्र हैं। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि आवेदक भारत का नागरिक हो तथा भारत में निवास करता हो। आवेदक की आयु 5 वर्ष से अधिक हो तथा 31 जुलाई को 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### ऐलनाबाद पुलिस ने हेरोइन सहित दो दबोचे

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने दो लोगों को 12 ग्राम 55 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों की पहचान सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिंदा व बूटा सिंह निवासी ऐलनाबाद के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान नजदीकी कच्चा ममेरा रोड़ ऐलनाबाद क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से दो व्यक्ति आते दिखाई दिए जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू कर लिया और तलाशी ली तो उनके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई।

### पंजाबी समाज के इतिहास को मिलेगा सम्मान

**टोहाना।** पंजाबी पंचायती धर्मशाला, भाटिया नगर में रविवार 5 जुलाई को स्वर्गीय बलदेव राज सरना की पुण्यतिथि पर विविध सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में दिव्य सत्संग, भजन-कीर्तन, 1947 के विभाजन से पूर्व जन्मे पंजाबी समाज के बुजुर्गों व मातृशक्ति का सम्मान समारोह तथा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर मुख्य आकर्षण होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। दिव्य सत्संग एवं भजन-कीर्तन में ऋषिकेश से पधार रहे लोकेश दास महाराज श्रद्धालुओं को अपने प्रवचनों से संबोधित करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

### अशोक नगर में स्वास्थ्य जांच शिविर 5 को

**फतेहाबाद।** नव कल्याण संस्था द्वारा रविवार, 5 जुलाई को अशोक नगर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब, खंडा चौक, माजरा रोड, अशोक नगर, फतेहाबाद में आयोजित होगा। संस्था के प्रचार मंत्री सुदर्शन नरूला ने बताया कि शिविर में क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न बीमारियों की निःशुल्क जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। इस दौरान डॉ. कोमल गेरा द्वारा दंत रोगों की जांच, डॉ. शोएब द्वारा नेत्र रोगों की जांच, डॉ. परमजीत द्वारा एक्यूप्रेशर थेरेपी तथा डॉ. प्रवीण ग्रोवर द्वारा बीपी एवं शुगर की जांच की जाएगी।

## रतिया के घासवा गांव में हथियारबंद बदमाशों ने 30-40 हजार रुपये लूटे

# शराब ठेके पर ताबड़तोड़ फायरिंग गंडासे से सेल्समैन की कलाई काटी

**दूसरे ठेके पर भी वारदात की आशंका; पुलिस ने नाकाबंदी कर शुरू की तलाश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया





रतिया। हमले में घायल का इलाज करते चिकित्सक व शराब ठेके में की गई तोडफ़ोड़।

जिले में कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए नकाबपोश बदमाशों ने रतिया क्षेत्र में जमकर कोहराम मचाया। गांव घासवा स्थित एक शराब ठेके पर गुरुवार की देर रात हथियारों से लैस तीन बदमाशों ने न सिर्फ सरेआम गोलियां बरसाई, बल्कि खूनी खेल खेलते हुए सेल्समैन की कलाई को गंडासे से काट दिया। वारदात के बाद हमलावर गल्ले में रखी हजारों की नकदी समेटकर हवा में हथियार लहराते हुए रफूचक्कर हो गए। रतिया पुलिस ने इस सनसनीखेज डकैती के बाद इलाके की नाकाबंदी कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

दिल दहला देने वाली यह वारदात रात करीब 11 बजे की है। गांव कुला का रहने वाला मुकेश उस वक्त घासवा गांव के शराब ठेके पर अपने भाई और सेल्समैन रणजीत सिंह से मिलने आया हुआ था। दोनों भाई बातचीत कर ही रहे थे कि अचानक मुंह पर कपड़ा बांधे तीन हथियारबंद बदमाश ठेके के बाहर आकर रुके। एक के हाथ में देसी पिस्तौल, दूसरे के पास तेज धारदार गंडासा और तीसरे के हाथ में चमचमाती तलवार थी। बदमाशों ने गालियां देते हुए ठेके का दरवाजा जबरन तोड़ दिया और अंदर दाखिल हो गए। आरोप है कि ठेके के अंदर घुसते ही एक बदमाश ने दहशत फैलाने के लिए पिस्तौल से दो राउंड सीधे फायर झोंक दिए। गोलियों की आवाज से इलाका दहल उठा। इससे पहले कि दोनों भाई कुछ समझ पाते, गंडासा लिए दूसरे बदमाश ने रणजीत सिंह पर एक के बाद एक 5 से 6 जानलेवा वार कर दिए। इस हमले में रणजीत के दाहिने हाथ की कलाई बुरी तरह कटकर अलग हो गई और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। भाई को बचाने दौड़े मुकेश को भी बदमाशों ने पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। जब दोनों भाई तड़पने लगे, तो बदमाशों ने तसल्ली से ठेके के गल्ले को खंगाला और उसमें रखी करीब 30 से 40 हजार रुपये की नकदी समेट ली। वारदात को अंजाम देकर आरोपी रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले। चर्चा है कि इन बदमाशों ने इसके बाद गांव रूपावाली के शराब ठेके पर भी धावा बोलकर लूटपाट की, जिससे पूरे क्षेत्र के व्यापारियों में हडक़ंप मच गया है।

### अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर, हालत नाजुक

गोलियों और चीख-पुकार की आवाज सुनकर जब तक आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, आरोपी फरार हो चुके थे। ग्रामीणों ने तुरंत दोनों लहूलुहान भाइयों को रतिया के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने रणजीत की कलाई की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वारदात की सूचना मिलते ही रतिया सदर थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। रतिया सदर थाना प्रभारी शीशपाल सिंह ने बताया कि मुकेश की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ डकैती, जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की कई टीमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## नाबार्ड की पहल से एसएचजी महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर



फतेहाबाद। महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित करते नाबार्ड अधिकारी।

- नाबार्ड के सहयोग से 60 एसएचजी महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नाबार्ड द्वारा विश्वास संस्था के सहयोग से प्रभावी पहल की जा रही है। इसके तहत महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी क्षमता निर्माण को विकसित कर स्वावलंबन की ओर उन्मुख किया जा रहा है। गांव दहमन तथा चौबारा में आयोजित प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत करते हुए नाबार्ड से जिला विकास प्रबंधक करण ने बताया कि नाबार्ड का उद्देश्य ग्रामीण समृद्धि के लिए स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करना है। इसी कड़ी में जिला फतेहाबाद के ब्लाक भूना में 120 एसएचजी महिलाओं को आत्मनिर्भरता से जोड़ने हेतु डेयरी फार्मिंग गतिविधि में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए आजीविका से जोड़ा जा रहा है, जिसमें विश्वास संस्था एक सशक्त भागीदार के रूप में कार्य कर रही है।

### मिलेगा उचित मार्गदर्शन

कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल अग्रणी जिला प्रबंधक लहरी मल ने एसएचजी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं उचित मार्गदर्शन न मिल पाने के कारण आगे नहीं बढ़ पाती, ऐसे में नाबार्ड द्वारा प्रायोजित ऐसे प्रशिक्षणों की बदौलत महिलाएं स्वयं को स्वावलंबी बनाकर परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में उन्मुख हो सकेंगी। कार्यक्रम में एचएसआरएलएम से बीपीएम संजय कुमार, विश्वास परियोजना अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, केन्द्र समन्वयक सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## ऑपरेशन मुस्कान : 12 वर्षीय बच्चे को सुरक्षित ढूंढ परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। बच्चे को उसके परिजनों को सौंपते जाखल पुलिस कर्मचारी।

फतेहाबाद पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक बार फिर संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए एक गुमशुदा बच्चे को सकुशल उसके परिवार से मिलाया है। थाना जाखल पुलिस ने क्षेत्रवासियों के सहयोग से घर से बिना बताए निकले 12 वर्षीय बालक को सुरक्षित तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जाखल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि जाखल निवासी एक 12 वर्षीय नाबालिग बच्चा बीती शाम अचानक घर से बिना बताए कहीं चला गया था। परिजनों द्वारा इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्काल हरकत में आई और बालक की खोजबीन के लिए आसपास के इलाकों में गहन तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों का भी पुलिस को भरपूर सहयोग मिला, जिससे पुलिस टीम ने कुछ ही समय में बालक को सुरक्षित ढूंढ निकाला।

## अनुसूचित वर्ग युवाओं को मिलेगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**सिरसा।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों को विभिन्न व्यवसायिक ट्रेडों में निशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण आवासीय आधार पर आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 9 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण की अवधि अधिकतम 38 से 75 दिनों तक होगी तथा इसे हरियाणा कौशल विकास मिशन की आवश्यकता के अनुसार संचालित किया जाएगा।

## किसान प्रशिक्षण शिविर में कपास की वैज्ञानिक खेती व समेकित नाशीजीव प्रबंधन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। किसानों को वैज्ञानिक खेती एवं समेकित नाशीजीव प्रबंधन की जानकारी देते हुए कृषि विभाग के अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

खंड फतेहाबाद के गांव खुंबर में आत्मा योजना के अंतर्गत कपास फसल पर किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, फरीदाबाद तथा कृषि विभाग के अधिकारियों ने कपास एवं धान की फसलों का संयुक्त सर्वेक्षण कर किसानों को वैज्ञानिक खेती एवं समेकित नाशीजीव प्रबंधन की जानकारी दी। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. वंदना पांडेय के निर्देशन में सहायक पौध संरक्षण अधिकारी डॉ. जागीर सिंह, उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. संजय मेचू तथा खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार भोरिया सहित विभागीय अधिकारियों ने किसानों को बीज उपचार, कीट एवं रोगों की पहचान, जैविक एवं यांत्रिक नियंत्रण उपाय तथा अनुमोदित कीटनाशियों के संतुलित उपयोग के बारे में जागरूक किया। किसानों को बताया गया कि कपास की फसल के प्रारंभिक चरण में 40 से 45 दिन की अवस्था के बाद प्रति एकड़ कम से कम चार फेरोमोन प्रपंच स्थापित करें तथा आवश्यक आकर्षक पदार्थ का उपयोग करें।

## चनैत आंदोलन के समर्थन में इनेलो का शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



बिकर सिंह हड़ौली।

हांसी में भाखड़ा पाइपलाइन से टी-कनेक्शन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे चनैत गांव के ग्रामीणों को अब इनेलो का खुला और मजबूत साथ मिला है। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के निर्देशानुसार 5 जुलाई को फतेहाबाद जिले से इनेलो कार्यकर्ताओं का एक विशाल हुजूम चनैत गांव के आंदोलनकारियों के समर्थन में कूच करने जा रहा है। इनेलो के फतेहाबाद जिला अध्यक्ष स. बिकर सिंह हड़ौली का कहना है कि यह कदम मौजूदा सरकार द्वारा चनैत गांव के सीधे-साधे लोगों के साथ किए गए धोखे और वादाखिलाफी के विरोध में उठाया जा रहा है। जिला अध्यक्ष बिकर सिंह हड़ौली ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों और जनता से किए गए विश्वासघात को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो हमेशा से जनता के हक की लड़ाई लड़ती आई है और इस बार भी चनैत गांव के लोगों को उनका हक दिलाकर ही दम लेगी। इनेलो जिलाध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर वादों से मुकर चुकी है।

## दुकानदारों को एडीसी ने प्लास्टिक के उपयोग से बचने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। दुकानदारों व नागरिकों को प्लास्टिक बैग वितरित करते हुए एडीसी।

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शहर के फव्वारा चौक पर विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर एडीसी अनुराग ढालिया ने दुकानदारों को जूट एवं कपड़े के थैले वितरित किए तथा आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने का संदेश दिया। इस दौरान एडीसी अनुराग ढालिया ने दुकानदारों एवं नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक बैग का उपयोग पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है। प्लास्टिक न केवल भूमि और जल स्रोतों को प्रदूषित करता है, बल्कि पशु-पक्षियों तथा मानव स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को प्लास्टिक की बजाय जूट, कपड़े अथवा कागज के थैलों का उपयोग करने की आदत विकसित करनी चाहिए। एडीसी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। यदि हम आज प्लास्टिक के उपयोग को सीमित नहीं करेंगे तो आने वाले वर्षों में इसके दुष्परिणाम और गंभीर होंगे।

## खालसा महाविद्यालय रतिया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय, रतिया में आज विद्यार्थियों को लोकतंत्र के प्रति जागरूक करने और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरावलोकन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वोट बनवाने और मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. वरुण ने की। कार्यक्रम में मतदाता कमेटी के प्रभारी प्रो. कृष्ण लाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका देश का कोई भी नागरिक सामान्य मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज करवा सकता है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक वयस्क नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। जिस देश में जितने अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त होता है, उस देश को उतना ही अधिक लोकतांत्रिक और सशक्त समझा जाता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरावलोकन के तहत विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र के बी.एल.ओ. का सहयोग करना चाहिए और उनके द्वारा मांगी गई आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध करवानी चाहिए ताकि कोई भी पात्र नागरिक वोट से वंचित न रहे।

## राज्यस्तरीय गतका ट्रेनिंग कैंप 10 और 11 जुलाई को गुरु नानक अकेडमी रतिया में

**रतिया।** गतका खेल का राष्ट्रीय स्तरीय ट्रेनिंग कैंप कश्मीर में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्तरीय ट्रेनिंग कैंप में देश भर से 18 राज्यों के कोचिस एव ट्रेनरों ने भाग लिया और गतका खेल के नए नियमों की जानकारी ली। गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी बलजिंदर सिंह तूर ने गतका खेल में आए बदलाव के बारे में विस्तार से बताया। गतका एसोसिएशन ऑफ हरियाणा द्वारा हरियाणा के विभिन्न जिलों से 10 कोचिस को ट्रेनिंग के लिए कश्मीर भेजा गया, जिसमें परम सिंह, सुखजीत कौर, गुरध्यान सिंह, प्रभशरण सिंह फतेहाबाद, सरबजीत सिंह, पारस सिंह यमुनानगर, जसविंदर सिंह रानियां, जसवीर सिंह ऐलनाबाद, जसप्रीत कौर कालांवाली, गुरदेव सिंह डबवाली ने भाग लिया। अब 10 और 11 जुलाई को गुरु नानक डिफेंस एवं स्पोर्ट्स अकैडमी रतिया में राज्यस्तरीय ट्रेनिंग कैंप लगाकर हरियाणा राज्य के गतका ऑफिशल तैयार किए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## दौलतपुर में शिक्षा आर्मी कमेटी की शानदार पहल

# सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को मिली दूसरी वैन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। दौलतपुर में स्कूल वैन का शुभारंभ करते शिक्षा आर्मी कमेटी के सदस्य।

गांव दौलतपुर में शिक्षा के क्षेत्र में जनभागीदारी की एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि देखने को मिली है। ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से नवगठित शिक्षा आर्मी कमेटी द्वारा सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दूसरी स्कूल वैन उपलब्ध कराई गई है। इस नई वैन का विधिवत शुभारंभ गांव के सरपंच संजय द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस दूसरी वैन के शुरू होने से विशेष रूप से गांव के बाहरी हिस्सों, दूर-दराज की ढाणियों एवं खेतों में रहने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में भारी सुविधा मिलेगी। शिक्षा आर्मी कमेटी का गठन गांव के सरकारी विद्यालय की व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के नेक उद्देश्य से किया गया है। कमेटी ने अपनी इस शिक्षा सुधार मुहिम की शुरुआत हाल ही में विद्यालय परिसर में हवन-यज्ञ के आयोजन के साथ की थी और अब जनसहयोग से स्कूल के लिए दूसरी वैन उपलब्ध कराकर शिक्षा के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता को सिद्ध कर दिया है।

### विद्यालय को रोल मॉडल बनाने में किया जाएगा स्थापित

समिति ने निर्णय लिया है कि गांव से प्रत्येक वर्ष स्वैच्छिक चंदा एकत्र किया जाएगा। इस एकत्रित सहयोग राशि का उपयोग विद्यालय एवं विद्यार्थियों की अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने में, स्कूल में आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों की वृद्धि करने में, आधारभूत सुविधाओं के विकास में, बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़े कार्यों में तथा विद्यालय को रोल मॉडल बनाने में किया जाएगा। आने वाले समय में दौलतपुर के सरकारी विद्यालय को एक रोल मॉडल स्कूल के रूप में स्थापित किया जाएगा। इससे गांव के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सभी आधुनिक सुविधाएं अपने ही गांव में मिल सकेंगी तथा उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए बाहर के निजी स्कूलों या शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

## सरकार की प्रभावी नीतियों से हरियाणा फिर बना नंबर वन

**सिरसा।** वस्तु एवं सेवा कर संग्रह के क्षेत्र में एक बार फिर देश के अग्रणी राज्यों में हरियाणा के शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला प्रवक्ता डॉ. गंगासागर केहरवाला ने कहा कि ये सब सरकार की विकासपरक नीतियों से ही संभव हो पाया है। शुक्रवार को जारी बयान में केहरवाला ने कहा कि वित्तवर्ष 2018-19 से 2024-25 के बीच हरियाणा का जीएसटी राजस्व दोगुने से भी अधिक हो गया है, जो राज्य की मजबूत आर्थिक गतिविधियों, प्रभावी कर प्रशासन और पारदर्शी कर व्यवस्था का प्रमाण माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि जून 2026 में हरियाणा ने जीएसटी संग्रह में पिछले वर्ष जून 2025 की तुलना में 14.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।